No. of Printed Pages : 4 **बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8**

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

05425

दिसम्बर, 2017

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *इस प्रश्न-पत्र के तीन खण्ड हैं । खण्ड क, ख और ग के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 – 500 शब्दों में दीजिए : *2×20=40*

1. हिन्दी में वर्तनी संबंधी अनेकरूपता का उल्लेख करते हुए इसके मानकीकरण के नियमों की चर्चा कीजिए ।

2. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विभिन्न रूपों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

3. राजभाषा के रूप में हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

4. जनसंचार माध्यमों में प्रयुक्त भाषा की प्रकृति का विवेचन कीजिए ।

खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 –250 शब्दों में दीजिए : *4×10=40*

(i) प्रशासनिक पत्राचार की भाषा की विशेषताएँ बताइए ।

(ii) प्रयुक्ति की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।

(iii) पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया समझाइए ।

(iv) राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए बनाई गई विभिन्न समितियों का परिचय दीजिए ।

(v) संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर विचार कीजिए ।

(vi) हिन्दी की पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में अनुवाद की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

(vii) मसौदे के प्रमुख प्रकारों का उल्लेख करते हुए किसी एक का प्रारूप तैयार कीजिए ।

(viii) बैंकों में प्रयुक्त हिन्दी की विशेषताओं और सीमाओं की चर्चा कीजिए ।

खण्ड ग

6. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(i) प्रेस विज्ञप्ति

(ii) कार्यसूची और कार्यवृत्त

(iii) अधिसूचना

(iv) टिप्पण लेखन

(v) विधि क्षेत्र में हिन्दी

7. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *5×1=5*

(i) Export

(ii) Unauthorised

(iii) Marketing

(iv) National Capital Region

(v) Attorney General

8. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन की पहचान कीजिए : *5×1=5*

(i) हिन्दी संघ की राजभाषा है ।

(ii) कार्यालय आदेश का प्रयोग आंतरिक प्रशासन के मामले में होता है ।

(iii) कार्यालय हिन्दी के निर्माण में अनुवाद की कोई भूमिका नहीं है ।

(iv) साहित्यिक हिन्दी सृजनात्मक होती है ।

(v) संदेश को लोगों तक पहुँचाना ही 'जनसंचार' है ।